न्यायालय सहायक कलक्टर, भरतपुर

पीठासीन अधिकारीः– डॉ. सौम्या झा आई0ए0एस0 (प्रशिक्षु)

राजस्व वाद संख्याः–12/2018

1. महेश चंद पुत्र श्री विशम्भर, जाति स्वर्णकार, निवासी नमक
   का कटरा भरतपुर। ––वादी

बनाम

1. विजय कुमारी पत्नी स्व0 विशम्भर ।
2. कुलदीप पुत्र विशम्भर।
3. सुरेश चन्द
4. कैलाश चन्द } पुत्रगण विशम्भर।
5. दिनेश चन्द

} जाति स्वर्णकार निवासी नमक कटरा,

––प्रतिवादीगण

सत्यमेव जयते
Web Copy Not Official

दावा अन्तर्गत धारा 53(अ) व 188 राज0 काश्तकारी अधिनियम,1955

निर्णय

दिनांकः–

11–04–2019

वादी ने जरिये अभिभाषक उपस्थित होकर दि0 16.02.2018 को दावा अन्तर्गत धारा 53 (अ) व 188 आर.टी.ए विरूद्ध प्रतिवादीगण वाके ग्राम तुहिया तहसील भरतपुर में स्थित हाल आराजी खसरा नम्बर 664/1.03, 669/0.14, 672/0.33, 673/0.54, 676/0.30, 707/0.18 किता 6 रकवा 2.52 हैक्टेयर की बावत पेश किया, जो दिनांक 23.10.2018 को प्राथमिक डिक्री किया जाकर तहसीलदार भरतपुर से कुरा रिपोर्ट तलब की गई। तत्पश्चात तहसीलदार भरतपुर के पत्रांक भू0अ0/2019/1928 दि0 25.03.2019 के साथ प्राप्त होने पर संलग्न पत्रावली है।

तहसीलदार भरतपुर से कुरा रिपोर्ट प्राप्त होने पर उभयपक्ष के अभिभाषकगण की कुरा रिपोर्ट पर बहस सुनी गई। उभयपक्ष के अभिभाषकगण द्वारा मुताबिक कुरा रिपोर्ट दावा वादी अंतिम डिक्री किये जाने का निवेदन करते हुए अपनी बहस पूर्ण की गई।

हमने बहस पर मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध कुरा रिपोर्ट पर गौर किया। कुरा रिपोर्ट पर उभयपक्षकारान के सहमति के हस्ताक्षर हैं। अतः मुताबिक कुरा रिपोर्ट दावा वादी अंतिम डिक्री किया जाना उचित रहेगा।

<u>अतः आदेश है कि</u>

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

मुताबिक कुरा रिपोर्ट दावा वादी निम्नानुसार अंतिम डिक्री किया जाता है।

कुरा नं0 1 – वाके ग्राम तुहिया तहसील भरतपुर स्थित आराजी खसरा नंबर 669/0.14, 664 मिन 0.49 कुल किता 2 रकबा 0.63 हैक्टेयर कुलदीप पुत्र विशम्भर जाति स्वर्णकार निवासी भरतपुर की खातेदारी में रहेगा।

कुरा नं0 2 – वाके ग्राम तुहिया तहसील भरतपुर स्थित आराजी खसरा नंबर 664/1/0.23, 673/0.09 कुल किता

2 रकबा 0.32 हैक्टेयर महेश चन्द पुत्र विशम्भर जाति स्वर्णकार निवासी भरतपुर की खातेदारी में रहेगा।

कुरा नं0 3 – वाके ग्राम तुहिया तहसील भरतपुर स्थित आराजी खसरा नंबर 664/2/0.31 दिनेश चन्द पुत्र विशम्भर जाति स्वर्णकार निवासी भरतपुर की खातेदारी में रहेगा।

कुरा नं0 4 – वाके ग्राम तुहिया तहसील भरतपुर स्थित आराजी खसरा नंबर 672 मिन रकबा 0.31 कैलाश चन्द पुत्र विशम्भर जाति स्वर्णकार निवासी भरतपुर की खातेदारी में रहेगा।

कुरा नं0 5 – वाके ग्राम तुहिया तहसील भरतपुर स्थित आराजी खसरा नंबर 673/2/0.13, 672/1/0.02, 676/0.30, 707/0.18 कुल किता 4 रकबा 0.63 हैक्टेयर विजय कुमारी पत्नी स्व0 विशम्भर जाति स्वर्णकार निवासी भरतपुर की खातेदारी में रहेगा।

कुरा नं0 6 – वाके ग्राम तुहिया तहसील भरतपुर स्थित आराजी खसरा नंबर 673/1/0.32 सुरेश चन्द पुत्र विशम्भर जाति स्वर्णकार निवासी भरतपुर की खातेदारी में रहेगा।

कुरा रिपोर्ट निर्णय/डिक्री के जुज रहेगी। राशि 50 रु. के नॉन–ज्यूडिशियल के स्टाम्प पेश होने पर अंतिम डिक्री जारी हो। निर्णय आज दिनांक 11.04.2019 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(डॉ. सौम्या झा)

आई.ए.एस.(प्रशिक्षु)

सहायक कलक्टर भरतपुर